26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 5 जून, 2026
अंक- 221 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# प्राइवेट बस डिवाइडर से टकराई, एक की मौत, 35 सवारियों को चोट आई

कोतवाली देहात ( चिंगारी )। जनपद लखीमपुर के निधौली से एक प्राइवेट बस 65 सवारी लेकर देहरादून जा रही थी। रात्रि 3 बजे बस जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर के निकट गंगान नदी के पुल पर पहुंची डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बस में सवार एक व्यक्ति राकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत नाजुक है। पुलिस ने जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घायलों में थाना धरोहरा क्षेत्र के गांव कुर्रा का रहने वाला है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

CAPTAIN A.V.S. GAHLOT PUBLIC SCHOOL
HALDAUR, BIJNOR

Play is the beginning of all learning



ADMISSIONS OPEN
2026-2027
For Play Group
Limited Seats Available
Age Group: 2.5 Years & Above
Session starts: 05/July/2026
Call For Enquiry:
+91 7505600211
Balkishanpur Chowk, Noorpur road, Haldaur, Bijnor, UP (246726)

सुशासन विकास एवं लोक कल्याण के प्रतीक
उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
मा. श्री योगी आदित्यनाथ जी
के 54वें
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएँ









शिवली खान
भावी प्रत्याशी- विधानसभा चांदपुर
प्रबंधक- लखनऊ नर्सिंग होम
बिजनौर रोड रेलवे फाटक के पास चांदपुर, बिजनौर

डा. सुनील कुमार गौतम
पूर्व जिलाध्यक्ष ( भारतीय जनता पार्टी पि.पृ ) चांदपुर
बिजनौर मो. 9720344305

admission open
SB COLLEGE
(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad
LL.B. (3 Years) B.A.LL.B. (5 Years)
6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP
Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# करोड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़?

## जानिए क्या है CBSE का OSM टेंडर घोटाला, जिसे 17 साल के सार्थक ने बेनकाब किया!

**आजकल हर तरफ 17 साल के युवा व्हिसलब्लोअर सार्थक सिद्धांत और राहुल गांधी जी की मुलाकात की चर्चा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सार्थक ने सीबीएसई की किस बड़ी गड़बड़ी को उजागर किया है?**

### क्या है पूरा मामला ?

CBSE बोर्ड की कॉपियों को कंप्यूटर पर चेक (On-Screen Marking - OSM) करवाने के लिए एक बाहर की कंपनी को टेंडर (ठेका) दे रहा था। इस पूरे प्रोसेस में पारदर्शिता ताक पर रखकर एक ऐसी कंपनी को फायदा पहुंचाया गया, जिसका ट्रैक रिकॉर्ड बेहद खराब है।

सार्थक सिद्धांत ने सरकारी दस्तावेजों को खंगालकर जो खुलासे किए, वे चौकाने वाले हैं-

दागी कंपनी को एंट्री देने के लिए बदले नियम- पहले नियम था कि जो कंपनी पहले कभी ब्लैकलिस्ट हुई हो, वो टेंडर में भाग नहीं ले सकती। लेकिन Coempt EduTeck (पुराना नाम Globarena) को ठेका देने के लिए नियम बदल दिया गया कि बस वर्तमान में ब्लैकलिस्ट नहीं होनी चाहिए।

यह कंपनी पहले भी दे चुकी है गहरा जख्म- साल 2019 में इसी कंपनी की तकनीकी लापरवाही के कारण तेलंगाना में 3.8 लाख छात्र फेल हो गए थे और कई मासूमों ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लिया था। इतनी बदनाम कंपनी को CBSE देश के करोड़ों बच्चों का भविष्य सौंपने जा रही थी!

### सज़ा के नियम ही हटा दिए

अगर कंपनी कॉपियां जांचने में कोई बड़ी गलती करती है, तो उसे हटाने या ब्लैकलिस्ट करने के जो कड़े नियम थे, उन्हें नए टेंडर से चुपके से गायब कर दिया गया। यानी कंपनी चाहे जैसी मर्जी गलती करे, उसकी कोई जवाबदेही नहीं होगी।

**सार्थक का साहस :** एक तरफ देश का शिक्षा मंत्रालय बड़े-बड़े दावे करता है, और दूसरी तरफ एक 17 साल का छात्र आकर पूरे सिस्टम की पोल खोल देता है। सार्थक ने इस पूरे घोटाले की रिपोर्ट पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने भी रखी है।

यह सिर्फ एक टेंडर का मामला नहीं है, यह हमारे बच्चों के भविष्य, उनके अंकों और उनके मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच होनी ही चाहिए।

# चौ. सबल सिंह तीसरी बार बने रालोद जिला महासचिव



चांदपुर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी व रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के निर्देश पर रालोद जिलाध्यक्ष ने चौ. सबल सिंह को जिला महासचिव मनोनीत किया है। नेता चौ. सबल सिंह को तीसरी बार रालोद का जिला महासचिव बनाये जाने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर गगरेन निवासी गन्ना समिति चांदपुर के संचालक चौ. सबल सिंह को रालोद का जिला महासचिव मनोनीत कर उनसे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पार्टी की नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। चौ. सबल सिंह ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। चौ. सबल सिंह के तीसरी बार जिला महासचिव बनने से उनके समर्थकों ने खुशी जताते हुए इसके लिए पार्टी हाईकमान का आभार जताया।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses
Traditional Courses
D. Pharma
B.Sc. (Microbiology)
BCA
B.Com. (Computer)
BBA
B.A. LL.B.
LL.B.
B.A.
B.Sc. (ZBC)
B.Com.

Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-2622729412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com,
lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

### बिजली बिल पर नहीं लगेगा अधिभार, देवेश चौधरी ने व्यक्त किया आभार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। व्यापारी एकता परिषद के चेयरमैन देवेश कुमार ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में 10 प्रतिशत राहत (छूट) की व्यवस्था को पुन: जारी रखने के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। देवेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई एवं व्यापारिक चुनौतियों के बीच सरकार का यह निर्णय आम जनता, छोटे व्यापारियों, दुकानदारों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत प्रदान करेगा। बिजली व्यापार और घरेलू जीवन की मूलभूत आवश्यकता है, ऐसे में बिजली बिल में दी जा रही 10 प्रतिशत राहत से लाखों उपभोक्ताओं को आर्थिक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार जनहितकारी निर्णय लेकर जनता के हितों की रक्षा कर रही है। यह निर्णय व्यापारियों और आम नागरिकों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। व्यापारी वर्ग बिजली दरों में राहत की अपेक्षा कर रहा था, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक कदम उठाया है। व्यापारी एकता परिषद की ओर से देवेश कुमार ने प्रदेश सरकार के इस सराहनीय निर्णय का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी व्यापारियों एवं आम जनता के हित में ऐसे जनकल्याणकारी निर्णय लिए जाते रहेंगे।



बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 5 जून, 2026

# यूपी : पंचायत चुनाव में देरी को लेकर हाईकोर्ट सख्त

## कहा- ओबीसी आरक्षण में दिखनी चाहिए थी तेजी, मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** ग्राम पंचायतों के चुनाव में देरी मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा कि आरक्षण निर्धारण का मामला सरकार के संज्ञान में था। इसके लिए ओबीसी आयोग बनाकर आयोग की सिफारिशों पर तेजी से कार्य किया जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा लगता है कि प्रक्रिया अभी जारी है। इसमें नियमानुसार लगभग छह माह का समय लगेगा। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने पंचायतों के लोकतांत्रिक स्वरूप एवं समयबद्ध पंचायत चुनावों से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग को पंचायत चुनावों की हो रही प्रगति की रिपोर्ट 10 जुलाई तक दाखिल करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खण्डपीठ ने यह आदेश आशीष कुमार सिंह, ओमप्रकाश प्रजापति एवं खुशीराम द्वारा दाखिल याचिकाओं पर बुधवार को एक साथ सुनवाई करके पारित किया है। आदेश बृहस्पतिवार को अपलोड हुआ। याचिका उस शासनादेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त किया गया है।

तर्क दिया गया कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रधानों को प्रशासक बनाकर कार्यरत रखना संविधान के अनुच्छेद 243-ई की भावना विपरीत है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 10 जून को प्रस्तावित है।




### नोएडा स्थित बहुमंजिला इमारत के एक फ्लैट में लगी भीषण आग

उत्तर प्रदेश में नोएडा सेक्टर-113 थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-74 स्थित एक सोसाइटी में आज अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे सोसाइटी परिसर में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। मौके से अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकल की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और उठता धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था।




# शहीद स्मारक पर अशोक कटारिया ने किया वृक्षारोपण

## युवाओं से किया नशे से दूर रहने का आह्वान



**पैजनिया (चिंगारी)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पूर्व परिवहन राज्य मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया ने ग्राम पैजनिया स्थित शहीद स्मारक परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने का आह्वान किया। आज शहीद स्मारक पहुंचे एमएलसी अशोक कटारिया के साथ नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, मोरना मंडल प्रभारी धर्मेंद्र सैनी, ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी, अनिल सैनी, अमित कुमार उर्फ नीटू, सोनू चौधरी, ग्राम प्रधान आलियापुर कार्मेंद्र सिंह, जगपाल सिंह, आलोक त्यागी, पंचायत सेक्रेटरी सलमान खान, ओमप्रकाश सैनी, राहुल कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# शराब की दुकानों के सेल्समैन भिड़े, चार के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

**नहटौर (चिंगारी)।** शराब की दुकानों के सेल्समैन आपस में भिड़ गये। इस सम्बंध में पुलिस ने तीन नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम बिलासपुर निवासी राजीव कुमार और ग्राम अकबरपुर निवासी दयाराम कोकापुर अड्डे पर अलग-अलग शराब की दुकानों पर सेल्समैन के रूप में कार्य करते हैं। बताया जाता है कि बुधवार रात करीब दस बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। राजीव कुमार का आरोप है कि कहासुनी के बाद दयाराम ने अपने पुत्र अरुण और वरुण के अलावा एक अन्य व्यक्ति को फोन कर मौके पर बुला लिया। चारों ने एक राय होकर उसके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और बीच-बचाव का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि लोगों को आता देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद राजीव कुमार थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दयाराम, उसके पुत्र अरुण और वरुण सहित एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## श्रद्धांजलि

# डा. सुभाष कश्यप का जाना...

भारतीय संविधान की आत्मा को समझने और समझाने वाले, संसदीय परंपराओं के अप्रतिम व्याख्याकार तथा देश के सबसे प्रतिष्ठित संवैधानिक विशेषज्ञों में से एक डॉ. सुभाष सी. कश्यप के निधन का समाचार केवल एक व्यक्ति के अवसान का समाचार नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के एक जीवंत अध्याय के पूर्ण विराम की सूचना है। उनके जाने से संसद, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की वह पीढ़ी मानो इतिहास के पन्नों में सिमट गई है, जिसने स्वतंत्र भारत को आकार लेते अपनी आंखों से देखा था।



97 वर्ष की आयु में उनका निधन देश के बौद्धिक, राजनीतिक और विधिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। लेकिन यह शोक केवल राष्ट्रीय स्तर पर नहीं है। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले, विशेषकर चांदपुर की मिट्टी आज अपने उस सपूत को याद कर रही है, जिसने गांव-कस्बे की गलियों से निकलकर भारत के संविधान और संसद की सबसे विश्वसनीय आवाज बनने तक का असाधारण सफर तय किया।

बिजनौर की धरती ने अनेक साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक दिए हैं, लेकिन डॉ. सुभाष कश्यप का योगदान उन्हें एक अलग पहचान देता है। वे उन विरले व्यक्तित्वों में थे जिनका नाम देश के किसी भी संवैधानिक विमर्श में सम्मान के साथ लिया जाता था। जब संसद में गतिरोध होता, जब राष्ट्रपति या राज्यपाल की संवैधानिक भूमिका पर प्रश्न उठते, जब सरकारों के गठन या पतन को लेकर कानूनी बहसें छिड़तीं, तब देश की निगाहें अक्सर डॉ. कश्यप जैसे विद्वानों की ओर उठती थीं।

उनका जीवन अपने आप में भारतीय संसदीय इतिहास का एक सजीव दस्तावेज था। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली पहली लोकसभा से लेकर नौवीं लोकसभा तक भारतीय संसद को बेहद करीब से देखा। लगभग चार दशकों की उनकी संसदीय सेवा ने उन्हें संविधान और लोकतंत्र का चलता-फिरता विश्वकोश बना दिया था। वर्ष 1983 से 1990 तक लोकसभा महासचिव के रूप में उन्होंने जिस निष्पक्षता, विद्वता और गरिमा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, वह आज भी संसदीय इतिहास में एक आदर्श माना जाता है।

कम लोग जानते हैं कि संविधान के इस महान अध्येता की जड़ें स्वतंत्रता आंदोलन से भी गहराई से जुड़ी थीं। बिजनौर के एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार में जन्मे डॉ. कश्यप ने किशोरावस्था में ही राष्ट्रीय आंदोलनों में भाग लेना शुरू कर दिया था। छात्र जीवन में उन्होंने बिजनौर और मेरठ में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलनों का नेतृत्व किया। यही राष्ट्रीय चेतना आगे चलकर उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं का आजीवन प्रहरी बना गई।

डॉ. कश्यप की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने संविधान को केवल न्यायालयों और विधि विशेषज्ञों तक सीमित नहीं रहने दिया। उनकी पुस्तकें 'आवर कॉन्स्टिट्यूशन', 'आवर पार्लियामेंट' और अन्य अनेक ग्रंथ ने लाखों विद्यार्थियों और नागरिकों को संविधान की जटिलताओं को सरल भाषा में समझने का अवसर दिया। उन्होंने बार-बार कहा कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि संविधान के प्रति नागरिकों की समझ और आस्था से मजबूत होता है।

उनकी विद्वत्ता को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया। किंतु उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पहचान पुरस्कार नहीं, बल्कि वह विश्वास था जो देश की हर पीढ़ी ने उन पर किया। वे संविधान की भाषा को जनता की भाषा में अनुवादित करने वाले दुर्लभ विद्वान थे।

आज जब हम उन्हें विदाई दे रहे हैं, तब बिजनौर की धरती गर्व और शोक दोनों भावों से भरी हुई है। गर्व इस बात का कि इसी मिट्टी ने देश को डॉ. सुभाष कश्यप जैसा लोकतंत्र का प्रहरी दिया और शोक इस बात का कि अब वह स्वर हमेशा के लिए मौन हो गया है, जो संविधान की गरिमा और संसद की प्रतिष्ठा का सबसे प्रामाणिक पक्षधर था। डॉ. सुभाष कश्यप का शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो गया हो, लेकिन उनके विचार, उनकी पुस्तकें और लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी। भारतीय संसद के इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा और बिजनौर की स्मृतियों में वे सदैव उस पुत्र के रूप में जीवित रहेंगे जिसने अपनी जन्मभूमि का नाम राष्ट्रीय चेतना के सर्वोच्च शिखरों तक पहुंचाया। शत-शत नमन!

# आओ पर्यावरण परायण बन जाएं!

देखा जाए तो जनसंख्या किसी भी राष्ट्र के लिए अमूल्य पूंजी होती है। जो वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन करती व वितरण और उपभोग करती है, इसलिए जनसंख्या को किसी भी देश के साधन और साध्य का दर्जा दिया जाता है। लेकिन अति किसी चीज की अच्छी नहीं होती फिर चाहे वह अति जनसंख्या की ही क्यों न हो?

अनुमानित जनसंख्या का संकेत है कि 2050 तक भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होगा और चीन का स्थान दूसरा होगा। जनसंख्या विस्फोट से कई क्षेत्रों में जल की कमी, मिट्टी का कटाव और कमी, वनों की कटाई, वायु एवं जल प्रदूषण के कारण नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जनसंख्या वृद्धि का परिणाम है कि देश में शहरी जनसंख्या के साथ-साथ स्लम जनसंख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है। देश में कुल जनसंख्या का 1.3 भाग झुग्गी-झोपड़ियों में रहता है अर्थात मुम्बई में कुल 1.63 लाख, दिल्ली में 1.18 लाख तथा कोलकाता में 1.49 लाख लोग स्लम सीमा में रहते हैं। ये संख्या जनसंख्या घटने-बढ़ने पर घटती-बढ़ती रहती है।



प्रमुख समस्या-गांवों में लोगों को यह तर्क देते हुए देखा जा सकता है, जितने हाथ होंगे उतना ही काम होगा। पर वो क्यों नहीं समझ पाते कि दो हाथों के साथ-साथ एक पेट भी होता है? जिसकी अपनी आवश्यकताएं होती हैं। इन्हीं को पूरा करने हेतु प्राकृतिक संसाधन प्रयुक्त किए जाते हैं और पर्यावरण मनुष्य के अस्तित्व से जुड़ा है। किसी देश में पर्यावरण के क्षरण का प्राथमिक कारण जनसंख्या का तीव्र विकास, जो प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरण में गिरावट सतत् विकास की चुनौती प्रस्तुत कर देती है। अनुकूल प्राकृतिक संसाधनों का अस्तित्व या अभाव, सामाजिक आर्थिक विकास की प्रक्रिया को रफ्तार अथवा धीमा कर सकते हैं। तीन मूलभूत जनसांख्यिकीय कारक, जन्मदर, मृत्युदर तथा लोगों का प्रवासन व अप्रवासन यानि (दूसरे शहर में जाकर रहना तो वहां की जनसंख्या बढ़ जाती है), जनसंख्या की वृद्धि, संयोजन तथा वितरण को प्रभावित करते तथा इससे हमारी कई योजनाओं पर पानी फिर जाता है।

मुख्य समस्या स्थान की भी है कि 100 लोगों के स्थान में लाख लोगों की वृद्धि से समस्या होना स्वाभाविक है। इसलिए, गरीबी, बेरोजगारी आदि अनेक समस्यायों से पीड़ित हैं देशवासी। आवागमन से बढ़ते साधनों ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है। लाउडस्पीकरों के शोर पर नियंत्रण करना जरूरी हो, इसी प्रकार परमाणु विखण्डन या नाभिकीय प्रदूषण ने 'रेडियो-एक्टिव' के माध्यम से बहुत हानि पहुंचाई है। इतना ही नहीं बढ़ती जनसंख्या के कारण ट्रैफिक जाम से निकलता धुआं, धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों से कचरा निपटान, नदियों पर लगते मेलों से जल प्रदूषण, इमारतों के निर्माण से बढ़ता कंक्रीट, शॉपिंग मॉल, बाजार, मनोरंजन के साधन आदि सभी भीड़ के रूप में उन संसाधनों को प्रयोग करते हुए पर्यावरण को असंतुलित कर रहे हैं। जनसंख्या में वृद्धि और आर्थिक विकास भारत में कई गंभीर पर्यावरणीय आपदाओं में योगदान दे रहे हैं। इनसे भूमि पर भारी दबाव, भूमि क्षरण, वन, निवास का विनाश और जैव-विविधता के नुकसान पैदा होते हैं, पर धरती, खनिज, साधन आज भी वही हैं, जो 50 वर्ष पूर्व थे। परिणामस्वरूप लोगों के पास जमीन कम, आय कम और समस्याएं अधिक बढ़ती जा रही हैं।



**▶▶रश्मि अग्रवाल**
(पर्यावरण प्रेमी) नजीबाबाद

# धरती की पुकार : संकल्प नहीं, उत्तरदायित्व का समय

विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है। यह हमें स्मरण कराता है कि मानव जीवन, विकास और भविष्य का आधार प्रकृति ही है। यदि पृथ्वी सुरक्षित है तो मानव सभ्यता सुरक्षित है, यदि पर्यावरण संकट में है तो विकास के सभी दावें अर्थहीन हो जाते हैं।



आज विश्व अभूतपूर्व पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वैश्विक तापमान, अनियमित वर्षा, सूखते जलस्रोत, वायु प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और प्लास्टिक कचरे का बढ़ता संकट पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय है। वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की चेतावनी स्पष्ट है कि यदि विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

विडंबना यह है कि जिस प्रकृति ने मानव को जीवन दिया, उसी का सबसे अधिक दोहन भी मानव ने ही किया। विकास के नाम पर जंगलों का कटान हुआ, नदियां प्रदूषित हुईं और शहर कंक्रीट के जंगलों में बदलते चले गए। परिणामस्वरूप मौसम का संतुलन बिगड़ रहा है तथा बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी जैसी प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं।

विशेष रूप से प्लास्टिक प्रदूषण आज वैश्विक संकट का रूप ले चुका है। नदियों, समुद्रों, खेतों और वन्यजीवों के साथ-साथ मानव शरीर तक में माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति चिंता का विषय है। यह केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और भविष्य की पीढ़ियों के अस्तित्व का भी प्रश्न है।



पर्यावरण संरक्षण का अर्थ केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है। आवश्यकता पौधे लगाने के साथ उन्हें संरक्षित करने की है। आवश्यकता केवल जल बचाने की नहीं, बल्कि जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने की है। पर्यावरण दिवस मनाने से अधिक महत्वपूर्ण है पर्यावरण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना।

यह जिम्मेदारी केवल सरकारों या प्रशासन की नहीं है। समाज का प्रत्येक नागरिक इसमें समान रूप से सहभागी है। जल और ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक का सीमित उपयोग, स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा वृक्षों का संरक्षण जैसे छोटे-छोटे प्रयास बड़े परिवर्तन की नींव बन सकते हैं।

भारतीय संस्कृति सदैव प्रकृति के प्रति सम्मान और सहअस्तित्व का संदेश देती रही है। हमारे पूर्वजों ने पृथ्वी को माता और वृक्षों को जीवनदाता माना। आज आवश्यकता है कि आधुनिक विकास के साथ-साथ हम अपनी इस सांस्कृतिक चेतना को भी पुनर्जीवित करें।

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 पर हमें यह संकल्प नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व स्वीकार करना होगा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे व्यवहार और जीवनशैली का अभिन्न अंग बने। प्रकृति हमारे पूर्वजों की विरासत मात्र नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों से लिया गया वह अमूल्य ऋण है, जिसे हमें और अधिक समृद्ध बनाकर लौटाना है।

**-प्रकाश पंकज** शिक्षक हल्दौर


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# राज्य कर विभाग ने किया व्यापारी संवाद कार्यक्रम

## व्यापारियों से किया जीएसटी सम्बंधी समस्याओं पर विचार



व्यापारी संवाद कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए आयुक्त राज्य कर।

**धामपुर ( चिंगारी )।** राज्य कर विभाग द्वारा गुरुवार को नगीना मार्ग स्थित एक रिजोर्ट में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों से जीएसटी से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में राज्य कर कार्यालय में कार्यरत स्टेनो भावना रस्तोगी ने व्यापारियों से अनुरोध किया कि वह सहूलियत के लिए जीएसटी पोर्टल का प्रयोग करें,फर्जी व्यापारियों से बिलिंग ने करें और अपने स्टॉक का नियमित मिलान भी करें, जिस पर युवा व्यापारी दीपक अग्रवाल ने बताया कि जीएसटी पोर्टल पर आए दिन एरर की दिक्कत आ रही है जिसे दोबारा शुरू करने में समय खर्च होता है। उनको विभाग ने प्रतिवेदन भेजने का सुझाव दिया।

एजेंसी होल्डर जितेंद्र गोयल ने डिजिटल पेमेंट लेने पर जब व्यापारी का बिल काटने की बात रखी तो उनको प्रत्येक पार्टी का अलग-अलग बिल काटने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर संदीप वर्मा ने कहा कि व्यापारी राष्ट्र के विकास की धुरी है उनके द्वारा दिए जाने वाले टैक्स से ही देश में विकास की अनेक योजनाएं धरातल पर पूरी हो रही है। विभाग का प्रयास है कि व्यापारियों को किसी प्रकार के टैक्स को पे करते समय कोई समस्या नहीं हो।

कार्यक्रम में सहायक आयुक्त राज्य कर आशुतोष सिंह, राज्य कर अधिकारी मुश्ताक अहमद, संजय गुप्ता, भावना रस्तोगी ने जीएसटी से संबंधित पोर्टल का प्रयोग करने, रजिस्ट्रेशन अप्लाई करने, व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना व रिटर्न फाइल के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अमरजीत सिंह एडवोकेट, स. जसप्रीत सिंह, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जावेद रहमान शम्सी, एस पी सलूजा, पवन सलूजा एडवोकेट, सुगम जैन, शिवेंद्र अग्रवाल, योगेश रस्तोगी, उदित बंसल, पराग गुप्ता, मोहित अग्रवाल, ललित गर्ग, दीपक अग्रवाल, दीपक जैन, संजीव जैन जितेंद्र गोयल, सुनील गुप्ता, गौरव माहेश्वरी, गौरव अग्रवाल आदि ने भी व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को रखा। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष कुमार सिंह ने किया।

# सीएम योगी के फोटो पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ तहरीर दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट किए गए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने शेरकोट निवासी एक युवक के खिलाफ पुलिस इंस्पेक्टर को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया है। पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने बताया कि 1 जून को बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गांवड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब आए थे तब हैलीपेड पर उनका स्वागत करने के लिए वह भी वहां मौजूद थे। उन्होंने बताया कि स्वागत का फोटो उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट कर दिया था। इस पर शेरकोट निवासी एक युवक ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर एक अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी युवक मुंबई में रहता है। उन्होंने युवक द्वारा की गई टिप्पणी को लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया। पूर्व भाजपा विधायक इंद्रदेव सिंह ने शेरकोट पुलिस इंस्पेक्टर को आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो थाने पर प्रदर्शन किया जाएगा। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार का कहना है कि जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
निकट थाना कोतवाली, धामपुर

मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# क्षेत्र पंचायत सचिव व्यवस्था में बदलाव पर पुनर्विचार की मांग

## ब्लॉक प्रमुख ने भेजा मुख्यमंत्री को पत्र

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के प्रमुख सूरज सिंह नेगी ने क्षेत्र पंचायत सचिव व्यवस्था में प्रस्तावित बदलाव को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पुनर्विचार की मांग की है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के स्थान पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को क्षेत्र पंचायत का सचिव बनाए जाने के प्रस्ताव को जनहित और प्रशासनिक दृष्टि से उचित नहीं बताया है। कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र पंचायत सचिव व्यवस्था में परिवर्तन करने पर विचार कर रही है। प्रस्ताव के अनुसार वर्तमान में क्षेत्र पंचायत सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे खंड विकास अधिकारी के स्थान पर सहायक विकास अधिकारी को यह दायित्व सौंपा जा सकता है। उन्होंने इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने से पूर्व व्यापक स्तर पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। कहा कि बीडीओ विकास खंड स्तर के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी होते हैं जिन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का व्यापक अनुभव होता है। ऐसे में क्षेत्र पंचायत सचिव के रूप में उनकी भूमिका योजनाओं के प्रभावी संचालन और समन्वय के लिए महत्वपूर्ण है।



पौधारोपण करते हुए बच्चे।

# बच्चों ने विद्यालयों में पौधे रोपित किये

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक विद्यालय ढक्का कर्मचंद में इको क्लब के बच्चों संग पौधारोपण किया गया। इको क्लब के सदस्य बच्चों व पदाधिकारियों संग प्रधानाध्यापक अनिल कुमार शर्मा और रघुवीर सिंह के निर्देशन में ग्राम के दोनों प्राथमिक विद्यालयों में पौधारोपण के साथ क्यारियों और परिसर की साफ सफाई भी की गयी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश भी दिया गया।

# बड़िया श्मशान घाट पर देखभाल के अभाव में सूख रहे पेड़-पौधे

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित बड़िया अंत्येष्टि स्थल में लगे पेड़-पौधे रखरखाव के अभाव में सूख रहे हैं। आज विश्व पर्यावरण दिवस है और इस मौके पर अनेक सामाजिक संस्थाएं पौधारोपण कर रही हैं, परंतु अंत्येष्टि स्थल पर श्रमदान और साफ सफाई करके पौधों का रखरखाव करने की बातें खोखली साबित हो रही है। कुछ वर्ष पूर्व नगर की सामाजिक संस्था कौशल्या द्वारा पूर्व जिला अधिकारी अटल राय के नेतृत्व में बड़िया अंत्येष्टि स्थल पर पौधारोपण किया गया था। इस दौरान 100 से अधिक पौधे लगाकर यह संकल्प लिया गया था कि इन पौधों का संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा, परंतु समय बीतने के साथ यह बात लोग भूल गए और आज रखरखाव के अभाव में यह पौधे सूख रहे हैं।

इसके अलावा सपा सरकार में अंत्येष्टि स्थल के रखरखाव की योजना के अंतर्गत बड़िया श्मशान घाट पर आने वाले लोगों की सुविधा के लिए शौचालय, मूत्रालय तथा पानी की टंकियां लगाई गई थी। इसके अलावा एक स्विमिंग पूल का भी निर्माण किया गया था परंतु श्मशान घाट में बिजली का कनेक्शन न होने के कारण लाखों रुपए की लागत से बनाए गए यह सभी अनुपयोगी साबित होकर रह गए।

# हंगामा लोक समिति ने किया पौधारोपण

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हंगामा लोक सामाजिक साहित्य समिति द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, शशिबाला शर्मा, शीतल शर्मा, तारा जोशी, विमला भटनागर, संध्या सैनी,भावना, सोनी, पंडित नवबन्धु वशिष्ठ सहित अन्य सदस्यों ने तुलसी, अपराजिता, नीम, अमरूद आदि के पौधे बड़ा शिव मंदिर परिसर में रोपित किए। कार्यक्रम में समिति की संस्थापिका राखी कौशिक ने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। इनके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल भी करनी चाहिए।



विश्व पर्यावरण दिवस पर हंगामा लोक समिति ने किया पौधारोपण।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कपिल देव

## प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति परखी



**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

निर्माणाधीन परियोजनाएं जल्द पूरी करने के निर्देश कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर आमजन को उनका लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नियमित फील्ड भ्रमण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक में सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, कृषि, नगर विकास, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने विभागवार कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

### डीएम ने दिया भरोसा

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त किया कि बैठक में दिये गये सभी निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में विधायक ओम कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, महिला आयोग सदस्या श्रीमती संगीता जैन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जो चाहे ऋण ले ले, जून माह में लगेंगे 'लोक कल्याण मेले'

## आठ अन्य सरकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उन्हें विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में 1 जून से 30 जून 2026 तक 'लोक कल्याण मेले' आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) ने दी।

उन्होंने बताया कि निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) एवं शासन के निर्देशानुसार जनपद की नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों तथा चयनित सेंसस टाउन क्षेत्रों में यह विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल की ग्राम पंचायत रशीदपुर गढ़ी, नजीबाबाद की तातारपुर लल्लू, कोतवाली की कोतवाली, नहटौर की सदरूद्दीन नगर, जलीलपुर की बस्ता तथा धामपुर ब्लॉक की अल्हैपुर और हुसैनपुर पंचायतों में मेले आयोजित होंगे।

### नये पंजीकरण के साथ मिलेगा ऋण का लाभ

लोक कल्याण मेलों में नये पथ विक्रेताओं का पंजीकरण किया जाएगा। पात्र लाभार्थियों को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक के ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिन लाभार्थियों ने पूर्व में प्राप्त ऋण का सफलतापूर्वक भुगतान कर दिया है, उन्हें क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी संचालित की जाएगी।

### आठ अन्य योजनाओं से भी जुड़ेंगे वेंडर परिवार

अभियान के दौरान भारत सरकार की अन्य आठ कल्याणकारी योजनाओं से पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवारों को जोड़ने के लिए प्रोफाइलिंग का कार्य किया जाएगा। साथ ही वेंडरों को डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा उन्हें डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक और सक्रिय बनाया जाएगा।

### डूडा कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं जानकारी

परियोजना अधिकारी ने बताया कि योजना एवं मेले से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), कक्ष संख्या-301, विकास भवन, बिजनौर में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं से इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

# खूब लिया मजा, गैंगस्टर सुभाष काटेगा सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अलका चौधरी ने गैंगस्टर सुभाष को तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सलीम अख्तर के अनुसार मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी निवासी सुभाष पुत्र धर्मपाल ने क्षेत्र में एक संगठित गिरोह बना रखा है, जिसके दम पर आतंक फैलाकर वह अवैध धन उगाही करते हैं। हत्या, डकैती,चोरी और राहजनी जैसे अपराधों में लिप्त हैं। क्षेत्र के लोगों में उनकी काफी दहशत है। मंडावली थाना प्रभारी अशोक पाल ने दबिश देकर सुभाष और गिरोह के दूसरे सदस्य सहदेव उर्फ गोलू पुत्र सहदेव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अलका चौधरी ने अभियुक्त सुभाष को गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1) के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। जबकि दूसरे अभियुक्त सहदेव उर्फ गोलू को संदेह का लाभ देकर बारी कर दिया।

Hero Hero
खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें। आकर्षक उपहार


SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम-₹ 62105*
* नियम शर्तें लागू
* 5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# दिखावे से नहीं धरातल पर काम करने से होगा पर्यावरण का संरक्षण

बिगड़ते पर्यावरण से हर कोई परेशान, चिंतित है। पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर खूब जोर दिया जा रहा है। मगर हमें यह समझने की जरूरत है कि पर्यावरण का संरक्षण दिखावे से नहीं, इसके लिये धरातल पर कार्य करने से होगा। पर्यावरण का संरक्षण भी वही लोग कर सकते हैं, जो धरातल से जुड़े हुए हैं, एसी में रहने और सोने वाले तो पहले ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



कभी हमारा पर्यावरण बड़ा समृद्ध था, मगर मानव ने इस समृद्ध पर्यावरण के साथ बेइंतहा छेड़छाड़ की जो कि आज भी लगातार जारी है। मानवीय छेड़छाड़ के परिणामस्वरूप आज पर्यावरण काफी बिगड़ चुका है। इसी का परिणाम है कि कहीं अतिवृष्टि होती है, तो कहीं सूखा। गर्मी का प्रभाव और समय (पीरियड) लगातार बढ़ रहा है, जिसे ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है। हमें याद है वो बचपन, जब घर-घर पेड़ हुआ करते थे। कितनी भी गर्मी पड़ रही हो, इन पेड़ों के नीचे पंखों और कूलरों से भी शानदार प्राकृतिक हवा मिला करती थी। पशु भी पेड़ों के नीचे ही बंधा करते थे। धीरे-धीरे घरों के सब पेड़ कट गये। इंसान सड़कों के किनारे बसने लगे, तो उन्होंने अपने घरों के सामने के पेड़ खत्म कर दिये।

हमें याद है वो बचपन जब सितंबर-अक्टूबर में रात को होने वाली रामलीला में लोग कंबल ओढ़कर अभिनय देखने जाते थे। बच्चों के लिये तो लोग लिहाफ तक लेकर जाते थे। लेकिन अब तो दिसंबर के पहले सप्ताह तक भी ठंड नहीं होती। ठंड का पीरियड लगातार घटता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही टेम्प्रेचर में दिन-प्रतिदिन ऊपर को चढ़ने की होड़ मच जाती है। ये सब पर्यावरण के बिगड़ जाने का ही नतीजा है। विकास के नाम पर प्रकृति का दोहन करने का नतीजा है। पेड़ काट लिये, नदियों के घरों पर कब्जे करके उनके नाले बना दिये, अवैध खनन कर नदियों के सीने छलनी कर दिये, मिट्टी खोदते-खोदते प्राकृतिक टीले समाप्त कर दिये, खेत बंजर कर दिये। आखिर प्रकृति ने ये सब सहा कैसे होगा? जो पाप इंसानों ने किये हैं, उनके सामने मिल रहे दंड फिर भी बहुत कम लगते हैं।

पर्यावरणविद और जागरूक, चिंतित लोग पर्यावरण संरक्षण पर जोर दे रहे हैं। शायद पर्यावरण के प्रति सचेत होकर हमारे पापों का प्रायश्चित हो सके। लेकिन हम तो इसमें भी नौटंकी कर रहे हैं। पर्यावरण का संरक्षण दिखावे से नहीं हो सकता और हम पेड़ लगाने का सिर्फ दिखावा कर रहे हैं। पेड़ लगाते हुए फोटो खिंचाने भर से कुछ नहीं होगा। वास्तव में हमें पेड़ों को बचाने और लगाने पर कार्य करना होगा। यदि हम किसी रास्ते से निकले जा रहे हैं और कोई पौधा सूख रहा है, तो रुककर और श्रमदान कर उसे पानी देना होगा। यदि कोई पशु या इंसान किसी पौधे या पेड़ को नुकसान पहुंचा रहा है, तो उस पौधे को बचाना होगा। हमें पर्यावरण संरक्षण के लिये वास्तविक में जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा, न कि सिर्फ दिखावा। ये भी फैक्ट है कि पर्यावरण का संरक्षण केवल वही लोग कर सकते हैं, जो जमीन से जुड़े हुए हैं। एसी में बैठकर भाषण देने वाले लोग पर्यावरण का क्या खाक संरक्षण करेंगे, उनकी एसी तो पहले ही पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रही है।



– रुकन राजपूत
नांगल सोती

# विकास की वेदी पर बलि चढ़ता पर्यावरण

## क्या रेत, कंक्रीट के जंगल हमें ऑक्सीजन दे पाएंगे

### सांसों का सौदा : कॉलोनियों के जाल में दम तोड़ता पर्यावरण

आज के दौर में बढ़ता शहरीकरण एक ऐसी अंधी दौड़ बन चुका है, जहां हम भविष्य की नींव खोदकर वर्तमान की ऊंची इमारतें खड़ी कर रहे हैं। नगरों और उसके आस-पास के क्षेत्रों में जिस तरह बैध - अबैध कॉलोनियों का जाल बिछाया जा रहा है, वह विकास कम और विनाश का संकेत ज्यादा नजर आता है। हर तरफ हरियाली को उजाड़कर कंक्रीट के ढांचे खड़े किए जा रहे हैं और सबसे दुखद यह है कि इस प्रक्रिया में उन पेड़ों को धड़ाधड़ काटा जा रहा है, जिन्हें बड़ा होने में दशकों लगे। यदि हम हल्दौर जैसे कस्बे की बात करें, तो यहां कॉलोनी ऑर्गेनाइजरों ने मुनाफे की खातिर 50 वर्ष से भी पुराने बागों को जड़ से साफ कर दिया। जिन पेड़ों ने पीढ़ियों को छाया और फल दिए, उन्हें रातों-रात धराशायी कर दिया गया।



अक्सर देखा जाता है कि जब भी कोई नई कॉलोनी का लेआउट पास होता है, तो उसमें नियमानुसार पार्क और ग्रीन एरिया के लिए जगह छोड़ी जाती है। लेकिन हकीकत यह है कि ये पार्क केवल सरकारी फाइलों और नक्शों तक ही सीमित रह जाते हैं। मौके पर न तो कभी पार्क का निर्माण होता है और न ही वहां वृक्षारोपण किया जाता है। धीरे-धीरे उस खाली जगह पर भी अवैध निर्माण हो जाता है। यह प्रशासन की आंखों के सामने होने वाला एक ऐसा खेल है, जिसमें भू-माफिया और भ्रष्ट तंत्र की मिलीभगत साफ नजर आती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बढ़ती आबादी के लिए आवास और कॉलोनियां जरूरी हैं, लेकिन यह विकास हमारी सांसों की कीमत पर होना नहीं चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पेड़ हमें ऑक्सीजन,फल, फूल, औषधि देते हैं, पेड़ तापमान को नियंत्रित करते हैं और भूजल स्तर को बनाए रखते हैं।

आज हम जिस तरह से पेड़ों की बलि दे रहे हैं, उसका परिणाम भीषण गर्मी, बेमौसम बरसात और गिरते जलस्तर के रूप में हमारे सामने हैं। यदि पर्यावरण ही नहीं बचेगा, तो इन आलीशान मकानों में रहने वाला मनुष्य आखिर कैसे सुरक्षित रहेगा?

जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को इस पर कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। केवल लेआउट पास कर देना ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी सरकार का काम है कि कॉलोनी में निर्धारित ग्रीन बेल्ट वास्तविक रूप में विकसित हो, पेड़ काटने से पहले उनकी अनुमति और उसके बदले में अनिवार्य वृक्षारोपण की शर्त को सख्ती से लागू किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले बिल्डरों और भू-माफियाओं पर भारी जुर्माना और कानूनी कार्रवाई हो। अगर आज हमने अपनी सुख-सुविधाओं के लिए कुल्हाड़ी उठाना बंद नहीं किया, तो आने वाली पीढ़ियों को विरासत में केवल तपती हुई जमीन और प्रदूषित हवा ही मिलेगी। शासन और प्रशासन को अपनी नींद तोड़नी होगी, वरना विकास का यह रास्ता सीधे विनाश की ओर जा रहा है। याद रखिए, मकान हमारी जरूरत हो सकता है, लेकिन वृक्ष हमारा जीवन है ।



-संजीव मिश्रा
संवाददाता बिजनौर टाइम्स,
हल्दौर-बिजनौर






# डॉ. मकसूद व नितिश पुलिस को चकमा देकर यात्रा में शामिल हुये



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल होने बिजनौर जा रहे जलालाबाद निवासी पार्टी के संस्थापक सदस्य डॉ. मकसूद चौधरी आजाद व उनके साथी नीतीश चौधरी तथा उनकी पूरी टीम को जलालाबाद चौकी इंचार्ज पुष्पेंद्र राठी व काफी संख्या में पुलिसकर्मियों ने जलालाबाद पेट्रोल पंप पर घेर कर रोक लिया। पुलिस ने दोनों नेताओं को वहां काफी समय तक रोक कर दोनों नेताओं को समझा बुझाकर गाड़ी में बैठा कर घर भेज दिया। इसके बावजूद कुछ समय बाद वह पुलिस को चकमा देकर डॉ. मकसूद चौधरी व नितिश चैधरी आपने काफी समर्थकों के साथ बिजनौर सत्ता परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। आसपा के संस्थापक सदस्य डॉ. मकसूद ने बताया कि वह विगत कई दिनों से सत्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं करके लोगों को बड़ी संख्या में सत्ता परिवर्तन यात्रा में ले जाने के लिए जागरुक कर रहे थे। साथ ही पार्टी का प्रचार-प्रसार करने में जुटे थे। वह प्रशांत महासागर, रजत कुमार, ललित आजाद, प्रवेश कुमार, सत्यम कुमार, लईक कुरैशी, दानिश कुरैशी, महेश गौतम, रवि गौतम, यशवर्धन, मनोज कुमार, सुहेल, सुषमा के काफिले के साथ बिजनौर पहुंचे थे।

## चेयरमैन इंजी. मुअज्जम को हाउस अरेस्ट किया, बिजनौर यात्रा में नहीं जाने दिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता इंजीनियर मुअज्जम को पुलिस प्रशासन ने कल सुबह ही उनके आवास पर पहुंचकर हाउस अरेस्ट कर लिया तथा उन्हें बिजनौर में आयोजित पार्टी की सत्ता परिवर्तन यात्रा में नहीं जाने दिया। इस मौके पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि आजाद समाज पार्टी कांशीराम की 4 जून 2026 को राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्र शेखर आजाद द्वारा बिजनौर से प्रदेश के अंदर सत्ता परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए उन्हें प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया तथा सत्ता बिजनौर नहीं जाने दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन यात्रा 4 जून 2026 को जनपद बिजनौर से प्रारम्भ हो गई है जो कि उत्तर प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी। यह यात्रा उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन करने का काम करेगी।

# आओ धरा को दुल्हन बनायें, सूखे वन में फूल खिलायें

**विश्व पर्यावरण दिवस पर वाणी की काव्य गोष्ठी**



नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर वाणी हिंदी संस्थान द्वारा रूफटॉप कैफे में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन को समर्पित एक भावपूर्ण काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन भावना अग्रवाल द्वारा किया गया तथा रश्मि अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने प्रकृति संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ भावना अग्रवाल की रचना आओ धरा को दुल्हन बनाए, हर सूखे वन में फूल खिलाएं से हुआ। डॉ. वर्षा अग्रवाल ने रघुकुल रीति सदा चली आई, चारों तरफ हरियाली छाई का संदेश दिया। मीनाक्षी अग्रवाल ने प्रकृति मां बूढ़ी हो गई है सुनाकर प्रकृति की पीड़ा को स्वर दिया। मृदुला त्यागी ने मेरे घर के बाहर जो खड़ा था नीम का पेड़ के माध्यम से वृक्षों से जुड़ी संवेदनाओं को व्यक्त किया। हिमानी भारद्वाज ने पर्यावरण और हमारी जिम्मेदारी विषय पर अपने विचार रखे। सुमन चौधरी ने मैंने तुम्हें फल-फूल, ढेरों संसाधन दिए और तुमने मेरी आंखों में आंसू भरपूर दिए कहकर प्रकृति की वेदना व्यक्त की। रचना शास्त्री ने पंचतत्व से देह है, पंचतत्व से प्राण के माध्यम से पर्यावरणीय संतुलन का संदेश दिया। अंजना टाक ने हरी-भरी वादियों में कभी बहती थी ठंडी बयार सुनाया। सुशीला गोयल ने कंक्रीट में बदल गई देखो गली-गली कहकर चिंता जताई। रश्मि अग्रवाल ने क्यों न संभल जाएँ, पर्यावरण की लटों को सुलझाएँ का संदेश दिया, जबकि शिवानी अग्रवाल ने धरा की स्वच्छता में है मान कहकर स्वच्छता का महत्व बताया। डॉ. सारंगा देश असीम धामपुर, प्रोफेसर पूनम चौहान ने वृक्षों की उपेक्षा पर प्रश्न उठाए। नीतू अग्रवाल ने प्रकृति की पुकार, रमा अग्रवाल ने प्रकृति बांट रही उपहार, शिल्पी अग्रवाल ने धरती कराहती जाती है, उमा अग्रवाल ने तुम कितनी सुंदर लगती हो तथा जया अग्रवाल ने जीवन का सौरभ तो मिलता है प्रकृति की गोद में जैसी भावपूर्ण पंक्तियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल, धारा अग्रवाल, जया अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल सहित अनेक साहित्य प्रेमी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# महाराज मोहनपुर गोस्वामी के सानिध्य में कीर्तन व भंडारा आयोजित



नजीबाबाद (चिंगारी)। गुरू महाराज मोहनपुरी गोस्वामी के सानिध्य में नगर के इन्विटेशन बैंकट हॉल निकट बालाजी टीला मंदिर में विशाल कीर्तन व भण्डारे का आयोजन किया गया। कीर्तन व भण्डारा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में आयोजकों ने महाराज मोहनपुर गोस्वामी को गदा भेंट की। इस मौके पर भाजपा के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, नगर महामंत्री व नामित सदस्य अभिषेक यादव, नगर मंत्री प्रखर विश्नोई, शिवम अग्रवाल, संजय सैनी, बिट्टू भटनागर, सुनीता गुप्ता, गीताराज, पूजा सैनी, इंदू राजपूत, अनुज वशिष्ठ, रूस्तम यादव, राजीव अग्रवाल, राहुल तिवारी, आशीष पहलवान, दीपिका गौड़ आदि मौजूद रहे।

# वन क्षेत्रों में फसलों को रौंद कर नुकसान पहुंचा रहे हाथी

**वन क्षेत्र की सीमा पर फैंसिंग तार लगाए जाने की मांग की**

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र में काफी समय से हाथियों के झुंड किसानों के खेतों में खड़ी गन्ने की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम नियामतपुर निवासी ओमपाल सिंह, नेपाल सिंह, राधे, तेजपाल सिंह, मुदित ने बताया कि अंधेरा होते ही हाथी ने किसानों के खेतों में पहुंचकर गन्ने की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। वहीं नारायणपुर निवासी जुल्फकार ने बताया कि हाथी ने उनकी लगभग 3 बीघा जमीन में खड़ी गन्ने की फसल को अपने पैरों तले रौंद दिया। किसानों ने कई बार वन विभाग के उच्च अधिकारियों को वन क्षेत्र की सीमा पर फैंसिंग तार लगाए जाने की मांग की है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में किसान अपने खेतों की रखवाली कैसे करे। राजगढ़ वन क्षेत्र की सीमा में गुलालवाली, गुढ़ा, नियामतपुर ,कामगारपुर, रामपुर चाठा, सबलगढ़, पीतमगढ आदि आधा दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ो किसानों की जमीन लगी हुई है किसान अपनी जमीन पर मेहनत करके फसल उगाते हैं और हाथी, नील गाय, माहे आदि जंगली जानवर उनकी फसलों को उजाड़ देते हैं, अपने पैरों तले रौंद देते है। इस तरह से किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाता है और उन्हें आर्थिक स्थिति से गुजरना पड़ता है। राजगढ़ वन रेंज के रेजर देव ऋषि सक्सेना का कहना है कि रात्रि में वन विभाग की टीम के द्वारा गश्त बढ़ाई जाएगी।

## रिमझिम बारिश से हुआ मौसम सुहाना


नजीबाबाद (चिंगारी)। आज सुबह सवेरे से आसमान में बादल छाने के बाद रिमझिम बारिश पड़ने से मौसम सुहाना हो गया। बारिश से गर्मी में झुलस रहे लोगों को काफी हद तक राहत मिली। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से सभी परेशान थे तथा गर्मी के कारण लोगों की रात की नींद व दिन का सुकून छीना हुआ था। बारिश होते ही लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। बारिश से बाजारों में कीचड़ व पानी फैल गया। बारिश के बाद बिजली के वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से भी लोगों को राहत मिली।







# पद्म भूषण डॉ. सुभाष कश्यप का निधन



**नयी दिल्ली/बिजनौर (एजेंसी/चिंगारी)।** जाने-माने संविधान विशेषज्ञ एवं लोकसभा के पूर्व महासचिव पद्म भूषण डॉ. सुभाष कश्यप का गुरुवार को हृदय गति रुकने के कारण यहां उनके निवास पर निधन हो गया।

वह 97 वर्ष के थे। बिजनौर में जन्मे और इलाहाबाद में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले डॉ. कश्यप 1984 में लोकसभा के महासचिव बने थे। वह इस पद पर 1990 तक रहे। वह संविधान विशेषज्ञ एवं संसदीय मामलों के ज्ञाता थे। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. कश्यप के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री बिरला ने एक संदेश में कहा कि डॉ.कश्यप संविधान और संसदीय व्यवस्था के जीवंत विश्वकोश थे। लोकसभा के महासचिव के रूप में उनकी दीर्घ और विशिष्ट सेवाएं, संवैधानिक विषयों पर उनका गहन अध्ययन तथा उनकी सौ से अधिक पुस्तकें लोगों का मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं। संसद, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की समझ को जन-जन तक पहुंचाने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन की प्रेरणाओं से निर्मित उनका जीवन राष्ट्रसेवा, ज्ञान और नैतिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण था। चाहे संसदीय प्रक्रियाओं का विकास हो, पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने का कार्य हो या संवैधानिक सुधारों पर विचार-विमर्श, डॉ. कश्यप ने हर भूमिका में अपनी विद्वता और दूरदृष्टि की अमिट छाप छोड़ी। इस विद्वता के कारण उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से भी नवाजा गया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उनका देहावसान भारतीय संसदीय लोकतंत्र, संवैधानिक विमर्श और सार्वजनिक जीवन के लिए गहरी क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार और उनके असंख्य प्रशंसकों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# ब्लॉक प्रमुख ने किये प्रयास, सड़क निर्माण की जगी आस

## शिक्षक विधायक ढिल्लो ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बदहाल हो चुकी 21 साल से ज्यादा पुरानी आरसीसी सड़क के पुनर्निर्माण हेतु ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के अनुरोध पर शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने पीडब्ल्यूडी ज्ञातव्य है कि स्थानीय बस स्टैंड से मेन बाजार तक जाने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी आरसीसी सड़क 21 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी हो चुकी है। इसका निर्माण पूर्व विधायक मा. रामस्वरूप सिंह ने कराया था। यह सड़क वर्षों से बदहाल पड़ी है, मगर कोई इसका पुरसाने हाल नहीं। 'चिंगारी' ने उक्त सड़क की बदहाली की खबर 2 जून के अंक में पृष्ठ संख्या 9 पर 'अपने पुनर्निर्माण की बाट जोह रही नांगल की मेन रोड' नामक शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित की थी। नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने


चिंगारी
अपने पुनर्निर्माण की बाट जोह रही नांगल की मेन रोड

'चिंगारी' से वार्ता करते हुए सड़क के पुनर्निर्माण हेतु प्रयास करने का वादा किया था। अपने वादे को पूरा करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने अविलंब प्रयास शुरू कर दिये हैं। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के अनुरोध पर शिक्षक विधायक डा. हरी सिंह ढिल्लो ने लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर खस्ताहाल आरसीसी रोड के शीघ्र पुनर्निर्माण की अपेक्षा व्यक्त की है। शिक्षक विधायक ने स्थानीय बस स्टैंड से गंगा घट्टी तक के पूरे मार्ग का ही पुनर्निर्माण कराये जाने को पत्र लिखा है। ज्ञातव्य है मुख्य बाजार से गंगा घट्टी तक का मार्ग भी वर्षों से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। शिक्षक विधायक द्वारा अधिशासी अभियंता को पत्र लिखे जाने से उक्त मार्ग की दुर्दशा दूर होने की आस जगी है।

# जनगणना का कार्य कर रही महिला शिक्षामित्र की अचानक मौत, परिवार में कोहराम मचा

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के अकबरपुर तिगरी गांव के कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत 30 वर्षीय शिक्षामित्र अंजुम पत्नी मुइनुद्दीन निवासी पीपली जट की जनगणना कार्य के दौरान हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। बृहस्पतिवार को वह अपने पति के साथ अकबरपुर तिगरी गांव में जनगणना का ऑनलाइन कार्य करने गई थी, वहां उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उसे चक्कर आये और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। बेहोशी की हालत में अंजुम को चिकित्सक को दिखाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस हृदय विदारक घटना से परिजन सदमे में है। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि उसे रोजाना पीपली जट गांव से ही अपडाउन करना पड़ता था। जब से जनगणना में उसकी ड्यूटी लगी थी तभी से वह टेंशन में रहने लगी थी।

# टीएमयू में सीओई सीनियर्स को दी गई भावभीनी विदाई

## आर्यन जैन बने मिस्टर फेयरवैल अर्पिता बनी मिस फेयरवैल

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- टीएमयू सीओई में बीटेक-सीएसई की फेयरवेल पार्टी- बाय-नारी बैश 2026 में आर्यन जैन को मिस्टर फेयरवेल और अर्पिता श्रीवास्तव को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टुडेंट्स अदीश जैन को मिस्टर वर्सेटाइल तो सेजल जैन को मिस वर्सेटाइल, जबकि काशिश रस्तोगी को राइजिंग स्टार के सम्मान से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टुडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों- रैंप वॉक, टैलेंट हंट एवम् प्रश्नोत्तरी दौर में हुई। टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टी ने भी यादगार पल संजोए। इससे पूर्व ऋद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप



प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. अजय चक्रवर्ती, डॉ. मोहम्मद सलीम, डॉ. कामेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नरपत सिंह आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्रीमती मणि सारस्वत, डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. प्रियांक सिंघल आदि शामिल रहे। सांस्कृतिक प्रोग्राम्स की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। समारोह में जूनियर एवं सीनियर स्टुडेंट्स ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता पाठ और मनोरंजक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और आनंद से भर दिया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किये। उन्होंने कहा, करियर में उत्कृष्टता तभी संभव है, जब ज्ञान के साथ चरित्र और अनुशासन भी जुड़ा हो। विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता ने स्टुडेंट्स को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, यूनिवर्सिटी में अर्जित ज्ञान, अनुभव और संस्कार उनके जीवन की अनमोल पूंजी है।

# विश्व बाल श्रम दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर श्री संजय कुमार सक्षम के मार्गदर्शन में विश्व बाल श्रम दिवस के अवसर पर नूरपुर रोड स्थित तिरुपति ऑटोमोबाइल्स में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती स्वाति चंद्रा ने की, जबकि संचालन श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रीति सोनम द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित श्रमिकों को संबोधित करते हुए सचिव स्वाति चंद्रा ने बताया कि वर्ष 2026 का मुख्य विषय बाल श्रम के खिलाफ लाल कार्ड, बच्चों के लिए उचित अवसर और वयस्कों के लिए सम्मानजनक काम है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए बच्चों के अभिभावकों को सम्मानजनक रोजगार एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना आवश्यक है, ताकि बच्चे शिक्षा, खेलकूद और अपने बचपन का पूरा आनंद ले सकें। उन्होंने फैक्ट्री एवं प्रतिष्ठान संचालकों से बच्चों को खतरनाक कार्यों में न लगाने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने आसपास होने वाले बाल श्रम के विरुद्ध आवाज उठाए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रीति सोनम ने बाल संरक्षण से संबंधित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा बाल श्रम रोकने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर तिरुपति ऑटोमोबाइल्स के स्वामी दीपक गर्ग, लेखा प्रबंधक दीपक पाण्डेय, ऑटोमोबाइल्स के कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा की जनजागरण यात्रा 11 को



बिजनौर (चिंगारी)। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली व बेरोजगार युवाओं के रोजगार की मांग एवं निजीकरण के विरोध में अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में 11 जून को लखनऊ के काकोरी शहीद स्थल से जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा लंबे समय से संघर्षरत है। संघर्ष के इस क्रम में 11 जून को होने वाली जनजागरण यात्रा ऐतिहासिक होगी और पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष में मील का पत्थर साबित होगी। संघर्ष की बदौलत देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हुई है। उत्तर प्रदेश में भी संघर्ष की बदौलत ही बहाल होगी। आज एनपीएस वन निजीकरण को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों में अत्यंत रोष व्याप्त है जिसे सरकार को समझना होगा और शीघ्र पुरानी पेंशन बहाल करनी होगी। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने वृक्षारोपण किया, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया




'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इंदिरा पार्क में लगाया पौधा

बिजनौर ( चिंगारी )। वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को इंदिरा पार्क, बिजनौर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने पौधा रोपित कर अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मातृत्व, प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा लगाने तथा उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और स्वच्छ वायु के प्रमुख आधार हैं। बढ़ते पर्यावरणीय संकट के बीच आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित, स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। उन्होंने जनपदवासियों से वन महोत्सव एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, जिलाधिकारी जसजीत कौर, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा संबंधित समिति के सदस्यों ने भी सहभागिता की। सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और हरित जनपद के निर्माण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

# प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया

बिजनौर ( चिंगारी )। नगर पालिका किरतपुर में सबसे पहले अपनी एचएलबी 0009 का कार्य पूर्ण करने पर चार्ज अधिकारी मेघा गुप्ता एवं जनगणना लिपिक ज्ञानेश्वर के द्वारा सुशीला देवी (प्रगणक) को कार्यपूर्ण का प्रमाण-पत्र उनके सुपरवाइजर श्री आदेश पाल को दिया गया।



# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का होगा समाधान-डीएम

## बैठक में सड़क, भूमि विवाद और शस्त्र लाइसेंस से जुड़ी शिकायतों पर हुई सुनवाई

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को उनके त्वरित और प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराया गया है और जिला प्रशासन इसका पूरा लाभ पूर्व सैनिकों तक पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है। देश सेवा करने वालों के हितों की रक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी जसजीत कौर ने संबंधित विभागीय




अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से जुड़ी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश की सेवा करने वाले सैनिकों एवं उनके परिवारों के हितों की रक्षा करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बैठक में पूर्व सैनिकों ने सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे।

# पहलाज निहलानी के निधन पर शोक

बिजनौर ( चिंगारी )। रे फिल्म्स प्रोडक्शन ने बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक पहलाज निहलानी के निधन पर शोक व्यक्त किया। फिल्म निर्माता निर्देशक आलोक गोविल के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक पहलाज निहलानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बताया गया कि पहलाज निहलानी ने आलोक गोविल की फिल्म 'किस एन किल' का मुम्बई स्थित फिल्म सिटी स्टूडियो में मुहूर्त किया था। आलोक गोविल ने पहलाज निहलानी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिंदी सिनेमा के वरिष्ठ फिल्म निर्माता और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पहलाज निहलानी का गुरुवार, 4 जून 2026 को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पहलाज निहलानी हिंदी फिल्म उद्योग का एक बड़ा नाम रहे हैं। उन्होंने इल्जाम, शोला और शबनम, आंखें जैसी कई सफल फिल्मों का निर्माण किया और अभिनेता गोविंदा को बड़ा ब्रेक देने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। वे वर्ष 2015 से 2017 तक फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे। अपने कार्यकाल के दौरान कई चर्चित फैसलों के कारण सुर्खियों में रहे। शोक सभा में असलम सिद्दीकी, शाकिर खान, मनोज शर्मा, तारिक मसरूर, नदलाल, अशोक आर्य, के.के. रंजन (गीतकार) आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में एक चालक की मौत, दूसरा घायल

**नांगल सोती (चिंगारी)। नांगल-भागूवाला नहर पटरी मार्ग पर ग्राम सरायआलम में हुई दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक मोटरसाइकिल चालक की दर्दनाक मृत्यु हो गई, जबकि दूसरे मोटरसाइकिल चालक को चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भिजवा दिया है।**


मृतक का फाइल फोटो

समीपवर्ती ग्राम सरायआलम निवासी सलमान (21 वर्ष) पुत्र स्व. बदलू शाह घर पर आये मेहमानों के लिये गांव की ही एक दुकान से कोल्डड्रिंक आदि लेने गया था। अपराहन लगभग 2 बजे सामान खरीदकर जब वह नहर पार स्थित अपने घर जा रहा था, तो नहर पटरी मार्ग पर भागूवाला की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सलमान का सिर नहर की पुलिया की दीवार के बराबर में खड़े पिलर से जा टकराया। सिर फटने से वह मरणासन्न अवस्था में पहुंच गया। परिजन उसे लेकर एक क्लीनिक पर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरी बाइक का चालक पीयूष पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम शहजादपुर (नांगल) भी घायल हो गया। उसे 108 एम्बुलेंस द्वारा समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिये रैफर कर दिया गया। पुलिस ने सलमान के शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भिजवाया। घटना से मृतक के घर में कोहराम मच गया। वह बतीशे का कारीगर था, वह अक्सर बाहर रहकर काम करता था।

### मातम में बदला खुशी का माहौल

*इस दर्दनाक हादसे से पहले सलमान के घर में खुशी का माहौल था। उसके बड़े भाई फरमान का रिश्ता मंडावली क्षेत्र के गांव मीरमपुर बेगा से आया था। मेहमान हादसे से कुछ देर पहले ही उसके घर पर पहुंचे थे। उन्हीं के जलपान के लिये वह कोल्डड्रिंक आदि लेने गया था। यदि उसके सिर पर हेलमेट होता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी, लेकिन अपने ही गांव की किसी दुकान पर जाने के लिये शायद ही कोई व्यक्ति हेलमेट का प्रयोग करता हो।*

# स्कूल में वृक्षारोपण किया
## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के बास्टा रोड स्थित क्रीसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के अकेडमिक हेड शहजाद खान ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए विद्यालय व उसके आसपास एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने इसका उद्देश्य पर्यावरण को सुरक्षित स्वच्छ और हरित बनाना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते हुए प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं को नियंत्रित करने में वृक्षारोपण की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर सारिम फरहत, रूकय्या, इस्मत खा, जेबी परवीन, अलिशा, जुबैर सैफी, रजत कुमार, मुजम्मिल व अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुण्य कमाया, राहगीरों को शरबत पिलाया



**पैजनिया (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को गांव पावटी के बस स्टैंड पर खिदमत ग्रुप के नवयुवक दानिश, अरशन, इरफ़ान, वसीम शाद, आफ़ताब, नबील, ताजीम, इमरान, कौशल, शिव, आशु आदि ने तपती धूप में छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। उक्त नवयुवक आपस में रूपये इकट्ठा कर लोगों को सहयता प्रदान करते हैं। ये नवयुवक प्रतिवर्ष शरबत पिलाकर लोगों को राहत देते हैं। लोग इनकी सरहाना कर रहे हैं।

# अब झेलेंगे कानूनी आंच, कर रहे थे लिंग भ्रूण की जांच

**नूरपुर (चिंगारी)।** हरियाणा की पीएनडीटी टीम व बिजनौर की स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने चांदपुर रोड स्थित एक मकान में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन द्वारा अवैध रूप से गर्भ में लिंग परीक्षण करते हुए एक महिला समेत तीन लोगों को दबौच लिया। टीम ने रेंकिंग कर रंगे हाथों पकड़ने

## महिला सहित तीन को पकड़कर पुलिस को सौंपा

की कार्यवाही करते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर दिया। बताया गया कि सेंटर पर 25 से 40 हज़ार रूपये में लिंग परीक्षण किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार हरियाणा गुरुग्राम पीएनडीटी के नोडल डॉ. देवेंद्र सोलंकी को बिजनौर के कस्बा नूरपुर में अवैध रूप से लिंग परीक्षण की जानकारी हुई थी। उन्होंने एक गर्भवती महिला को रूपये देकर इसके लिये तैयार किया और जिला प्रशासन को जानकारी दी। बृहस्पतिवार को तय कार्यक्रम के अनुसार टीम बिजनौर के पीएनडीटी के नोडल




अधिकारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा व नायब तहसीलदार चांदपुर अजब सिंह को साथ लेकर सेंटर पर पहुंच गईं। जहां एक मकान में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन द्वारा भेजी गईं गर्भवती महिला से कार्य व दलाल रेनू द्वारा 25 हज़ार रूपये लेकर मनोज नाम के युवक द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था। टीम ने मशीन को सील कर दिया। नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा की ओर से थाने में महिला दलाल रेनू, मनोज व मकान स्वामी नरदेव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किये जाने के लिए तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने नोडल अधिकारी डा. राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा की तहरीर पर मनोज, नरदेव व रेनू के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### रेनू को मिलता था मोटा कमीशन

*सेंटर पर काम करने वाली दिल्ली के पीतमपुरा निवासी महिला रेनू गर्भवती महिलाओं को लिंग भ्रूण जांच के लिए तैयार कर सेंटर पर लाती थी, इसके बदले उसे मोटा कमीशन मिलता था।*

### आरोपी मनोज है 12वीं पास

**अल्ट्रासाउंड के द्वारा भ्रूण लिंग की जांच करने वाला मनोज कुमार कोई योग्य चिकित्सक नहीं बल्कि 12 वीं कक्षा पास बताया जा रहा है।**

# न खोली जाये शराब की दुकान
## ग्रामीणों को होगा नुकसान

**चांदपुर (चिंगारी)।** वरिष्ठ चिकित्सक डा. एमपी सिंह ने ग्राम इस्माईलपुर में शराब की दुकान खोले जाने का प्रयास किये जाने पर रोष जताते हुए गांव में शराब की दुकान न खोले जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिए गए पत्र में वरिष्ठ चिकित्सक डा. एमपी सिंह ने कहा कि ग्राम इस्माईलपुर में हीमपुर बुजुर्ग को जाने वाले रास्ते पर शराब की दुकान खोलने के लिए दुकान का निर्माण किया जा रहा है, जबकि ग्राम इस्माईलपुर में कभी भी शराब की दुकान नहीं रही। पत्र में कहा गया है कि ग्रामीण गांव में शराब की दुकान नहीं चाहते। पत्र में यह भी कहा गया है कि उन्हें जानकारी मिली है कि ग्राम इस्माईलपुर के लिए सरकार द्वारा शराब की दुकान एलाट नहीं की गई। पत्र में गांव में शराब की दुकान न खोले जाने की मांग की गई है।

# अब प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : राशिद राईन



**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राशिद राईन एडवोकेट दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ टांडा माईदास, बढ़ापुर स्थित में सरफराज प्रधान के आवास पर पहुंचे, वहां सपाइयों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राशिद राईन एड. ने दावा किया कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही वह राजनीतिक दल है जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। पार्टी की नीतियां शिक्षा, रोजगार, किसानों, युवाओं, व्यापारियों और कमजोर वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के युवजनसभा के प्रदेश सचिव शारिक सुल्तान, शादाब राईन, सलमान अंसारी, दिलशाद कुरैशी, सन्नवर अहमद, अदनान जैदी, शकील अहमद, दानिश अली, शहजाद अहमद, फैज आलम, असलम, खालिद अहमद अंजार राईन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बस्ती के नजदीक गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत

**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात बस्ती के नजदीक गुलदार दिखाई देने से लोगों में भय व्याप्त हो गया। मुहल्लेवासी देर रात तक हाथों में लाठी-डंडे लेकर गुलदार की तलाश में बस्ती के नजदीक स्थित खेतों की खाक छानते रहे। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा में डा. शकील हाशमी के पीछे आबादी है। इस बस्ती के नजदीक जंगल है। बीती रात लगभग 10 बजे मुहल्ले के लोगों को वहां गुलदार दिखाई दिया। गुलदार की खबर से बस्ती के लोग इकट्ठा हो गए थे। गुलदार की तलाश में हाथों में लाठी-डंडे लेकर खेतों में घुस गए, लेकिन घन्टों तलाश करने पर भी गुलदार का पता नहीं लगा। बस्ती के नजदीक गुलदार दिखाई देने से मुहल्लेवासी भयभीत हैं। उन्होंने ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है।

# डा. कश्यप के निधन पर शोक

**चांदपुर (चिंगारी)। शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक ने लोकसभा महासचिव रहे पद्म भूषण डा. सुभाष कश्यप के निधन पर शोक जताया। श्री मलिक ने कहा कि चांदपुर निवासी डा. सुभाष कश्यप ने लोकसभा महासचिव पद पर रहकर चांदपुर को गौरवान्वित किया। श्री मलिक ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।**

# बस की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत



**नूरपुर ( चिंगारी )। मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम गोहावर के पास हुई सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बरेली के थाना फतेहगंज के गांव सतैया निवासी धीरेंद्र सिंह ठाकुर ( 50 वर्ष ) शुक्रवार की सुबह बरेली से 2 ट्रैक्टर लेकर राणा ट्रैक्टर एजेंसी नूरपुर आ रहा था। जब वह गोहावर चौराहे पर पहुंचा तो पीछे से आ रही प्राइवेट बस ने आपस में जुड़े दो ट्रैक्टरों में टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर चालक धीरेन्द्र सिंह ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि प्राइवेट बस शाहजहांपुर से जम्मू कश्मीर मज़दूरों को लेकर जा रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही दौलतपुर चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ट्रैक्टर चालक दम तोड़ चुका था। पुलिस ने शव को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक केंद्र नूरपुर भिजवाया। बस में बैठे सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

# रायपुर इंडेन गैस एजेंसी पर लगाया उपभोक्ताओं के उत्पीड़न का आरोप




**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** नगीना देहात क्षेत्र स्थित रायपुर इंडेन गैस एजेंसी के खिलाफ ग्रामीण उपभोक्ताओं के उत्पीड़न और अव्यवस्थाओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। एंटी करप्शन एंड सोशल डेवलपमेंट काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष गुरवेज सिंह ने इस संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत भेजकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एजेंसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी पूरी तरह बंद कर दी गई है। उपभोक्ताओं से रीफिल का पूरा शुल्क वसूलने के बावजूद उन्हें कई किलोमीटर दूर स्थित गोदाम से स्वयं सिलेंडर लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण उपभोक्ताओं को सुबह से लंबी लाइनों में घंटों खड़ा रखा जाता है, तब जाकर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाता है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर आरोप यह है कि जब कोई उपभोक्ता होम डिलीवरी न मिलने या अन्य अव्यवस्थाओं का विरोध करता है तो कुछ कर्मचारियों द्वारा गैस बुक फाड़ने और कनेक्शन रद्द कराने जैसी धमकियां दी जाती हैं। शिकायतकर्ता ने इसे उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। गुरवेज सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि रायपुर इंडेन गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों की नियमित होम डिलीवरी पुनः सुनिश्चित कराई जाए। गुरवेज सिंह ने कहा कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो संगठन ग्रामीण उपभोक्ताओं के हित में रणनीति तय करेगा।

## तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदला

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में आज हवाओं के साथ हुई तेज बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। हीमपुर दीपा क्षेत्र में आज हुई तेज बारिश के बाद जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। खेतों में खड़ी फसलों के लिए यह बारिश काफी लाभदायक मानी जा रही है। किसान जुल्फिकार अहमद, अतर सिंह, चेतराम सिंह, सुनील कुमार, नफीस अहमद, हाजी नसीर, लाखन सिंह, सूरज सिंह आदि का कहना है कि बारिश से फसल की बढ़वार बेहतर होगी। सूखे जैसी स्थिति से भी राहत मिलेगी वहीं सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाले ट्यूबवेल बारिश होने से बंद हो जाएंगे, जिसे बिजली कम खर्च होगी। तेज हवाओं के कारण कुछ स्थानों पर हल्की क्षति की आशंका भी जताई जा रही है।

# उमर इंटरनेशनल पर कार्रवाई से 2012 के आरोप सही साबित : मुकेश रस्तौगी

**स्योहारा ( चिंगारी )। यांत्रिक बूचड़खाना विरोध एवं जीव रक्षा समिति के सदस्य रहे भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी ने उमर इंटरनेशनल से जुड़ी संपत्ति पर हाल ही में हुई प्रशासनिक कार्रवाई को वर्ष 2012 में लगाए गए आरोपों की पुष्टि बताया है। उन्होंने तत्कालीन जिलाधिकारी पर दबाव में कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए वर्तमान जिलाधिकारी बिजनौर एवं जालौन प्रशासन की सराहना की।**

गौरतलब है कि 30 मई को जालौन के जिलाधिकारी ने अतीक अहमद से जुड़ी 168.13 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। इसके बाद बुधवार को जालौन पुलिस ने कुर्क की गई संपत्ति को उपजिलाधिकारी को हस्तांतरित कर संरक्षित कर दिया है। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मुकेश रस्तौगी ने इसे क्षेत्र की खुशहाली और कानून व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि जब उमर इंटरनेशनल का निर्माण और संचालन शुरू हुआ था, तब स्व.पूर्व विधायक लोकेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में यांत्रिक बूचड़खाना विरोध एवं रक्षा समिति का गठन किया गया था। समिति के संरक्षक लोकेन्द्र सिंह चौहान तथा संयोजक हरिओम भटनागर थे। रस्तौगी के अनुसार समिति ने 10 अक्टूबर 2012 को तत्कालीन जिलाधिकारी सारिका मोहन को ज्ञापन सौंपकर

**तत्कालीन प्रशासन पर लगाए दबाव में कार्रवाई के आरोप**

**वर्तमान जिलाधिकारी व जालौन प्रशासन की सराहना की**

बूचड़खाने के निर्माण में मानकों की अनदेखी, पशु चोरी, अवैध कटान और प्रदूषण संबंधी आशंकाएं जताई थीं। इसके विरोध में 14 अक्टूबर 2012 को स्योहारा के रामलीला मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और धरना-प्रदर्शन के बाद लगभग 29 लोगों के खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया था। उनका कहना है कि निषेधाज्ञा की सूचना 16 अक्टूबर को समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई, जबकि 14 अक्टूबर को हुए धरने को आधार बनाकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मुकेश रस्तौगी ने कहा कि यदि उस समय निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की गई होती, तो लाखों पशुओं के कटान को रोका जा सकता था। उन्होंने बताया कि तत्कालीन कार्रवाई में पूर्व विधायक लोकेन्द्र सिंह चौहान, मुकेश रस्तौगी, उज्ज्वल चौहान, नीटू जोशी, आलोक अग्रवाल, जयपाल सिंह, सुरेश तोमर, अवधेश माहेश्वरी, देवेश शर्मा, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, सुरेंद्र जोशी सहित 29 लोगों को नामजद किया गया था। रस्तौगी ने कहा कि जालौन प्रशासन की जांच और हालिया कार्रवाई ने वर्ष 2012 में लगाए गए आरोपों को सही साबित कर दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब उस समय दर्ज किए गए मुकदमों को समाप्त करने की दिशा में भी रास्ता खुलेगा।

# भाकियू (टिकैत) की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर विचार



**अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे**

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) की मासिक पंचायत में क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। पीलीडैम निर्माण के दौरान अधिग्रहण की गई किसानों की जमीन का अभी तक मुआवजा अथवा जमीन के बदले जमीन न मिल पाने पर रोष व्यक्त करते हुए विभागीय जेई शिवेंदु भारद्वाज को मांग पत्र सौंपकर समाधान की मांग की गई। बैठक में बिजली समस्याओं पर चर्चा की गई और विभागीय एसडीओ अमित कुमार को मांग पत्र सौंपते हुए लाइनमैन पवन कुमार के ट्रांसफर व समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। किसानों ने संगठन के बुजुर्ग पदाधिकारी से अभद्रता के आरोपी मानियावाला बिजली घर के जेई हर्ष शर्मा का आश्वासन के बावजूद अभी तक ट्रांसफर न किए जाने पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की जिस पर ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि पिछले दिनों मानियावाला बिजली घर पर चले भाकियू (टिकैत) के धरने पर तहसीलदार धामपुर द्वारा दिए गए आश्वासन पर आरोपी जेई का अभी तक ट्रांसफर नहीं किया जाना किसानों के साथ सरासर धोखा है। शैलेंद्र चौहान ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज से 5 दिन के अंदर आरोपी हर्ष शर्मा को यहां से नहीं हटाया गया तो पुनः आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। गुरुवार की पूर्वाह्न पीलीडैम गेस्ट हाउस पर हुई बैठक में रमेशचंद शेखावत, शकील कुरैशी, राणा सैनी, मौ. अशरफ, आतिफ लतीफ, रवैल सिंह, शरीफ अहमद, रेशम सिंह, कुलदीप सिंह, अहमद सईद, रियाज अहमद, साहब सिंह, कय्यूम अल्वी, यूसुफ कुरैशी, हरि सिंह आदि अनेक किसान उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर व कांशीराम के सपनों को साकार कर रहे हैं अखिलेश : हेमंत कुमार



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** सपा मुखिया अखिलेश यादव सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान की मूल भावना को आगे बढ़ाते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा कांशीराम के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहे हैं। पीडीए आंदोलन केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक भागीदारी और संवैधानिक अधिकारों का जनांदोलन है जिसका उद्देश्य समाज के सभी वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों को सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिलाना है। नौकरी छोड़कर राजनीति में आए क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी निवासी सपा नेता हेमंत कुमार ने यह बात चिंगारी संवाददाता एस एम असलम से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना को मजबूत करते हुए देश में ऐसी व्यवस्था स्थापित की जानी चाहिए जिसमें प्रत्येक वर्ग को उसकी जनसंख्या के अनुपात में अवसर और भागीदारी प्राप्त हो क्योंकि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' सामाजिक न्याय का महत्वपूर्ण सिद्धांत है और इसी आधार पर शासन-प्रशासन, शिक्षा, रोजगार तथा अन्य संस्थाओं में समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए आंदोलन सामाजिक न्याय की नई इबारत लिखेगा तथा देश को समान अवसर, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा।

## दीवान चन्द तेल वालों के निधन से शोक

**किरतपुर ( चिंगारी )। नगर के व्यापारी गौरव मेहंदीरत्ता के पिता दीवान चंद तेल वालों का कल शाम निधन हो गया। उनकी आयु करीब 70 वर्ष थी। उनके निधन का समाचार मिलते ही व्यापारी वर्ग में शोक की लहर दौड़ गई। आज सुबह 9 बजे उनकी शव यात्रा शुरू हुई, जिसमें काफी संख्या में व्यापारी शामिल थे। दीवान चंद तेल वालों के नाम से मशहूर थे। उनके निधन पर सुंदर गोयल, मदनलाल अरोड़ा, सतीश तेल वाले, कांति प्रसाद शर्मा, मनी कालरा, कस्तूरी लाल कालरा, तिलक कालरा, अमित चौहान, श्रीपाल राणा, अविनाश जैन, साइम राजा आदि ने शोक व्यक्त किया। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया।**

# पेड़ हमारी धरोहर हैं, इन्हें बचायें!

–मो. इरशाद मलिक



**हल्दौर ( चिंगारी )**। पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। इसमें हमारी सरकारें, प्रशासन व नगर पालिका इस पर जोर दें तथा इसके महत्व को स्कूलों में स्लाइड, वाद विवाद प्रतियोगिताएं और स्लोगन के माध्यम से जनता को प्रेरित किया जाए। साथ ही गांव, नगरों में इस विषय पर प्रभात फेरियां निकली जाएं तथा स्कूलों में बच्चों को इस विषय पर बोलने के लिए कहा जाए। वनों का कटान, सड़कों का चौड़ीकरण से संबंधित वृक्षों को काटना इस पर रोकथाम जरूरी है और यदि विकास करना है तो सरकार को चाहिए कि जितने पेड़ों को काटा जाए उससे चौगुने पेड़ पहले ही लगाये जाएं। इसके लिए

## हल्दौर घासमंडी में खड़े काफी वर्षो पुराने गुड़हल व पिलखन के वृक्ष



रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंडों पर होर्डिंग लगाए जाएं ताकि उनको पढ़कर लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सके।

आज 5 जून है विश्व पर्यावरण दिवस के इस सुनहरे मौके पर आम जनता पेड़ लगाए और साथ ही उनकी एक साल तक देखरेख भी करें। आज का इंसान सांस का रोगी सहित तरह–तरह की बीमारियों से ग्रस्त है। कारण स्पष्ट है कि पर्यावरण का प्रदूषण होना। हर साल लाखों वृक्षों को काट दिया जाता है, परन्तु नये वृक्षों को नहीं लगाया जाता। यदि हमारे चारों ओर हरियाली रहेगी तो इंसान, पशु–पक्षी, जानवरों का जीवन भी स्वस्थ और स्वच्छ रहेगा। हमारे सभी जनप्रतिनिधियों का पुनीत कर्तव्य है कि वह अपने–अपने क्षेत्रों में राजनीति के साथ–साथ वृक्षारोपण पर भी ध्यान दें और हम सब मिलकर वृक्षारोपण करें ताकि आने वाली पीढ़ियां पेड़ों की छांव में बैठ सकें। हल्दौर नगर में भी काफी पुराने वृक्ष थे और कुछ अभी भी हैं, जो नगर की धरोहरों में शामिल हैं, जिससे नगरवासियों को उनसे छांव, ऑक्सीजन, स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध हवा आदि का लाभ प्राप्त होता है। नगर में रियासत के सामने घासमंडी में दो काफी वर्षों पुराने गुड़हल व पिलखन के वृक्ष अभी भी लगे हुए हैं। जिनसे वहां के दुकानदारों और आसपास के रहने वालों को शुद्ध हवा व पर्यावरण का काफी लाभ मिलता है। इसी तरह धूलिया महादेव मंदिर के पास स्थित बंद पड़े चंद्रमणि बाल विकास केंद्र के परिसर में भी एक बहुत पुराना विशाल बरगद का वृक्ष, शहीद स्मारक पर पिलखन का वृक्ष व मोहल्ला खेड़ा में लाल ठाकुर दास जी के मंदिर पर पीपल का वृक्ष लगा हुआ है। यह सभी वृक्ष शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा, शुद्ध पर्यावरण के साथ–साथ नगर की धरोहरो में भी शामिल हैं।

## आखिर कौन

गंगोत्री से
निकलने से लेकर
गंगासागर तक
बहते हुए
पतित पावनी गंगा मां में
आपने कितने ही
पापों की गठरी
कूड़े कचरे के ढेर
मरघटों की राख
हड्डियों के टुकड़े
बचे खुचे खाद्य पदार्थ
लावारिस लाशें
घास,फूस,पत्ते
सड़ती पत्रीयों के पुष्प
हम ऐसे अर्पित करते हैं
जैसे कि
पूजा के पुष्प
अर्पित कर रहे हो
किंतु जब
हम इसी गंगाजल को
अंजुली में भरकर
आचमन करते हैं
तो उसकी गंध और रंग
देखकर कह उठते हैं
इस पर्यावरण ने
गंगा भी दूषित कर दी
पर जरा सोचिए
इसे दूषित करने वाला
आखिर कौन! आखिर कौन!!
आखिर कौन!!!

–आलोक त्यागी
ग्राम – रघुनाथपुर
पोस्ट– राजपुर
नवादा, बिजनौर



## पर्यावरणी वैतरणी...!

पर्यावरणी.... ! ,
ये......वैतरणी ,
शेष बची अब बातों में ।
सड़ते......कूड़े ,
और....अढ़ाये ,
तत्पर प्राण की घातों में ।
झरने ,..पोखर ,
जोहड़ी,जोहढ़ ,
मीठी नदियों का पानी ।
झील, सरोवर ,
गंगा – सागर ,
स्वांस न इनमें जिंदगानी ।
गंगा ,..जमुना ,
सरयू ,..कृष्ना ,
हमने दूषित की सारी ।
हम ही कर्ता ,
हम ही भर्ता ,
हम पर ही जिम्मेदारी ।
नदियें.. पावन,
हुई...अपावन,
पूछ रहीं क्यों की मैली ।
अमृत...जैसी ,
हम नदियें थीं ,
की क्यों तुमने जहरीली ।
काटे...जंगल ,
बेचा....मंगल ,
लिया..अमंगल...रुदाली ।
पानी...दूषित ,
माटी...दूषित ,
पवन प्रदूषित कर डाली ।
पेड़.....उखेड़े ,
बाग.....उधेड़े ,
बेची...सारी....हरियाली ।
हम खुद दोषी ,
मगर दोष की ,
टोपी..सत्ता..सिर..डाली ।
खेत मिटाकर ,
पेड़ कटा कर ,
कंकरीट...बो...डाले...हैं ।
घर और बाड़े ,
गांव....उजाड़े ,
खड़े कर दिए माले हैं ।
गांव मिटाकर ,
शहर बसाकर ,
ढूंढे...हरियल...गांव को ।
तपती...धरती ,
धूप की छतरी ,
लेकर...ढूंढे...छांव...को ।
पीपल, बरगद ,
गुलमोहर अब ,
नीम नहीं दीखा करते ।
धूप नगर में ,
सड़क, डगर में ,
सभी छांव ढूंढा करते ।।
सोन....चिरइये ,
संग..... गौरइये ,
तोते, मैना, बुलबुल जी ।
फुदकी,फ़ाख्ता ,
कोयल , कौआ ,
कहाँ रहेंगे ये कल जी ।।
जैसी....करनी ,
वैसी.....भरनी ,
पीर प्राण की चार गुनी ।
अभी नहीं जो ,
हम...चेते...तो ,
सर्वनाश से रहे ठनी ।।
सुन रे भइया !
कैसे.....नइया ,
पार लगेगी जीवन की ।
राम – रमइया ,
कृष्ण कन्हैया ,
अब तो सोचो रे कल की ।।

–इंद्रदेव भारती
ए/3– आदर्श नगर,
नजीबाबाद – 246763

## आओ करें संकल्प



मिलजुल कर संकल्प उठाए
पर्यावरण को स्वच्छ बनाए
पास नहीं जो बाग बगीचे
गमलों में ही पौध लगाएं
हरियाली मन को भाएगी
प्राणवायु भरपूर मिलेगी
वृक्षारोपण के लाभों को
खुद समझे सबको समझाएं
सड़कों को हम स्वच्छ बनाए
कचरे का नहीं ढेर लगाएं
गली मुहल्ले सड़क किनारे
कूड़ों के डब्बे रखवाएं
उद्योगों का दूषित कचरा
उनसे बहता गंदा पानी
नदियों के निर्मल जल में ना
बहने दें ना कभी बहाएं
पानी की हर बूँद कीमती
हम इसे न यूँहीं व्यर्थ करें
खुली टोटियां टूटे पाइप
आस-पास के ठीक कराएं
छोटे - छोटे कामों को गर
पैदल चलके आएं जाएं
स्वस्थ रहेगा तनमन सबका
थोड़े पैसे भी बच जाएं
आओ सबमिल कसम खाएं कि
धरती को खुशहाल बनाएं
छोटी - छोटी बातों को हम
अपने जीवन में अपनाएं



अंजलि गोयल अंजू
किरतपुर, बिजनौर
उत्तर प्रदेश

# दून पुलिस ने किया कोकीन तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश

## दिल्ली से गिरफ्तार किया कोबरा गैंग का मुख्य सरगना

**देहरादून ( चिंगारी )।** देहरादून पुलिस ने कोकीन तस्करी के अंतरराज्यीय नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली के मालवीय नगर से कोबरा गैंग के कथित मुख्य सरगना जॉन उर्फ जोसेफ उर्फ मॉरिस उर्फ एनडी ब्रदर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, थाना राजपुर क्षेत्र में 3 जून को जोहड़ी रोड स्थित पुरानी मजार के पास तलाशी के दौरान सहारनपुर निवासी जावेद आलम को 11.77 ग्राम अवैध कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया था।



आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में जावेद आलम ने खुलासा किया कि वह शहर में आयोजित होने वाली हाई-प्रोफाइल पार्टियों और विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वालों को इसे सप्लाई करता है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए दून पुलिस की टीम ने दिल्ली के मालवीय नगर में दबिश देकर मुख्य आरोपी जॉन उर्फ जोसेफ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए कई नाम रखे हुए हैं। वह अफ्रीकी देश (आइवरी कोस्ट) का निवासी है और पिछले दो वर्षों से दिल्ली में रह रहा था।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी कोकीन की तस्करी से होने वाली मोटी कमाई के लिए दिल्ली से अपने पेडलरों के माध्यम से उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों में नेटवर्क संचालित कर रहा था। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि उसके निशाने पर विशेष रूप से बड़े आयोजन, पार्टियां और नामचीन शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं रहते थे।

पुलिस के अनुसार, जावेद आलम के माध्यम से पूर्व में भी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में कोकीन की सप्लाई की जा चुकी है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी का पासपोर्ट और वीजा दिसंबर 2025 में समाप्त हो चुका था और वह बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा था। इस संबंध में भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जनपद में निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन कार्यशाला आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला उद्योग केंद्र में स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने और जनपद में निर्यात गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित प्रोत्साहन कार्यशाला में निर्यातकों और उद्यमियों की सहायता के लिए जिले का पहला निर्यात हेल्प डेस्क स्थापित किया गया। कार्यशाला में डीआईसी के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग की उपस्थिति और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के उप महानिदेशक हेमंत कुमार के सहयोग से विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) की उप निदेशक मनीषा झा ने निर्यातकों के लिए उपलब्ध सेवाओं और संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। एमएसएमई मंत्रालय, हल्द्वानी के सहायक निदेशक अमित मोहन ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए संचालित योजनाओं और प्रोत्साहन की जानकारी दी। वहीं, एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधि अमोल शर्मा ने निर्यात इकाइयों के लिए वित्तीय सहायता, ऋण सुविधाओं और बैंकिंग सेवाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। सिडकुल निर्माता संघ, ग्रोथ सेंटर सिगड्डी के सचिव विवेक चौहान ने कहा कि जनपद में निर्मित उत्पादों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में प्रबंधक उपासना सिंह, आरपी आर्य सहित अन्य अधिकारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।

### हेल्प डेस्क से उद्यमियों को मिलेगा प्रोत्साहन

## मानसून के बाद होगा दुगड्डा व गुमखाल के बीच सड़क का चौड़ीकरण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार से 392.52 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद अब एनएच विभाग ने दुगड्डा-गुमखाल के बीच प्रस्तावित 18.10 किलोमीटर चौड़ीकरण कार्य के लिए परियोजना की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है, फिलहाल बांड बनाने की औपचारिकताएं चल रही हैं। हालांकि, क्षेत्रवासियों को अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। निर्माण कार्य बरसात समाप्त होने के बाद ही शुरू किया जाएगा। नेशनल हाईवे कोटद्वार, दुगड्डा, गुमखाल, सतपुली और पौड़ी को जोड़ने के साथ ही श्रीनगर में ऋषिकेश-बदरीनाथ चारधाम मार्ग को जोड़ता है। वर्तमान में गुमखाल-सतपुली खंड पर डबल लेन निर्माण कार्य जारी है जिसे जनवरी 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में दुगड्डा-गुमखाल खंड के चौड़ीकरण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया था, जिसे इस वर्ष जनवरी में मंजूरी मिल चुकी है। परियोजना के लिए अधिग्रहीत वन भूमि में पेड़ों का कटान पहले ही किया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के साथ अब बांड तैयार किए जा रहे हैं। यह परियोजना चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षित और सुगम वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**एनएच खंड लोनिवि धुमाकोट के जेई आशीष सैनी ने बताया कि नेशनल हाईवे पर गुमखाल व दुगड्डा के बीच 18.10 किमी. हिस्से के चौड़ीकरण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मानसून के बाद चौड़ीकरण का कार्य कराया जाएगा।**

## समर कैम्प में विद्यार्थियों को गुरमुखी, ब्रेल, गुजराती लिपियों से परिचित कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जीआईसी कोटद्वार में आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का समापन हो गया। इस दौरान बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई कौशल का विकास करना, भारतीय भाषाओं और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवाद क्षमता को मजबूत बनाना तथा रचनात्मकता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। साथ ही नई पीढ़ी को स्थानीय ज्ञान, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी प्रयास किया गया। सात दिनों तक चले इस कैंप में बच्चों को नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। सामाजिक मूल्यों, सामुदायिक सहभागिता और व्यवहारिक शिक्षा पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने विभिन्न रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को गुजराती और पंजाबी भाषा की मूलभूत जानकारी देने के साथ-साथ गुरमुखी, ब्रेल और देवनागरी लिपियों से भी परिचित कराया गया। इसके अलावा स्टोन पेंटिंग, पैटर्न मेकिंग, कठपुतली कला और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के माध्यम से उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। समापन समारोह में डॉ. पद्मेश बुडाकोटी, मनमोहन चौहान, सुरभि सचदेवा, अंजना, संतोषी देवी, आराधना कुकरेती, पूजा बिष्ट, पूरण चंद्र धूलिया, संतोष नेगी सहित अनेक शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# मानसून सीजन में संभावित आपदाओं से निपटने के लिए 'यूकाडा' की विशेष पहल

**देहरादून ( चिंगारी )।** आगामी मानसून सीजन के दौरान संभावित आपदाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए संचालित प्रत्येक हेली कंपनी द्वारा यूकाडा को 10-10 घंटे के निःशुल्क फ्लाइंग ऑवर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका उपयोग आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों में किया जा रहा है।



वर्तमान में चारधाम यात्रा में संचालित आठ हेली कंपनियों द्वारा कुल 80 घंटे के निःशुल्क फ्लाइंग ऑवर उपलब्ध कराए गए हैं। इन घंटों का उपयोग मेडिकल इमरजेंसी, एयर रेस्क्यू तथा दुर्गम क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। इसी व्यवस्था के तहत अप्रैल माह से अब तक 100 से अधिक श्रद्धालुओं और जरूरतमंद लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा चुका है। वहीं, पिछले एक वर्ष में विभिन्न आपदा एवं रेस्क्यू अभियानों के दौरान 200 से अधिक लोगों का सफलतापूर्वक बचाव किया गया है।

पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, बादल फटने, अतिवृष्टि तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाएं राहत एवं बचाव कार्यों की जीवनरेखा साबित होती हैं। मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन इन निःशुल्क फ्लाइंग ऑवर का तत्काल उपयोग कर प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से राहत पहुंचा सकेगा। इससे आपदा प्रभावित लोगों तक समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्यों की गति में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में सुरक्षित एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में यूकाडा की यह पहल एक अभिनव मॉडल के रूप में उभर रही है, जो भविष्य में अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकती है। यूकाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए हेली कंपनियों के चयन की टेंडर प्रक्रिया के दौरान ही प्रत्येक कंपनी से 10 घंटे के निःशुल्क फ्लाइंग ऑवर का प्रावधान रखा गया था। इसका उद्देश्य मेडिकल इमरजेंसी, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में फंसे यात्रियों की सहायता तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए त्वरित हवाई सेवाएं उपलब्ध कराना था। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था आपदा प्रबंधन के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। यूकाडा के हेड ऑफ ऑपरेशन अमित शर्मा ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान बीमार पड़ने वाले अथवा चिकित्सकीय आपात स्थिति का सामना कर रहे श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थानों और अस्पतालों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में 200 से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है, जबकि इस वर्ष चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ क्षेत्र से ही 100 से अधिक लोगों को मेडिकल इमरजेंसी के तहत एयर रेस्क्यू सुविधा प्रदान की गई है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

हरिद्वार में
मकान, दुकान, प्लॉट, कृषि भूमि, फ्लैट
खरीदने और बेचने के लिए संपर्क करें
मकान दुकान प्लॉट कृषिभूमि फ्लैट
त्यागी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन
नवोदय नगर रोशनाबाद जनपद हरिद्वार
सोनू त्यागी: 9927537136
संजीव मिश्रा: 8869011345
अतुल गांधी: 9756527677


# मामूली बात को लेकर युवक ने पत्नी की गर्दन काटी

चांदपुर (चिंगारी)। मामूली बात को लेकर एक युवक ने अपनी पत्नी की गर्दन काट दी। गंभीर घायल अवस्था में महिला को हायर सेंटर रैफर किया गया है। स्थानीय मोहल्ला शाहचंदन में किराये के मकान में रहने वाला नासिर अपनी पत्नी रुखसार व तीन बच्चों के साथ किसी रिश्तेदार के यहां मेरठ गया था। बताया जाता है कि नासिर पत्नी को अपनी फुफो के यहां ले जाना चाहता था, लेकिन वह नहीं गई। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में तकरार हो गई। तकरार इतनी बढ़ी कि मेरठ से लौटते हुए नासिर ने रास्ते में अपनी पत्नी की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। गंभीर घायल अवस्था में किसी तरह रुखसार चांदपुर पहुंची। परिजनों उसे सीएचसी स्याऊ ले गये, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। घटना के बाद से नासिर फरार है। बताया जाता है कि नासिर बिजनौर का रहने वाला है। रुखसार चांदपुर के मोहल्ला काजीसराय की बेटी है। शादी के बाद नासिर बिजनौर से चांदपुर चला गया था। वह शाहचंदन में किराये के मकान में रह रहा था।

प्लॉट बिकाऊ है
इन्द्रलोक कॉलोनी, बिजनौर गेट नम्बर 03 में पूरब सामना 25 फीट 55 फीट का एक आवासीय प्लॉट बिकाऊ है।
सम्पर्क करें- मो. 7253017676, 9750000264

STAR WATER PARK
ईद मुबारक
SEPARATE BOOKING AVAILABLE FOR FAMILY
+91- 9410600428, 9868264774
Bijnor-Noorpur Road, Near Roots International School, Bijnor (U.P.)





कैसा भी दर्द हो मात्र 10 मिनट में राहत वह भी बिना दवाइयों के
शक्तिपात योग थैरेपी
कमर-घुटने के दर्द, साईटिका डिस्क स्लिप के लाइलाज वाले तुरंत सम्पर्क करें-
शिव शक्ति योग पीठ
जानकीपुरम, कृष्णा कॉलेज के सामने, नूरपुर रोड, बिजनौर
मो. 9870746060

पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल
(यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट)
बैराज रोड, बिजनौर-246701 (उ.प्र.)
स्थापना दिवस
9 जून 2026 को 11वीं वर्षगांठ
के उपलक्ष पर निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है।
समय : प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक
सभी ओ.पी.डी. निःशुल्क रहेगी।
हाईट - Height, वजन - Weight
ब्लड ऑक्सीजन (सेचुरेशन) - Oxygen (Spo2)
आँखों का चेकअप - Eye Exam
सम्पूर्ण आहार विशेषज्ञ से सलाह - Diet Consultant
फिजीयोथैरेपी - Physiotherapy
जनरल फिजीशियन सलाह - Physician Consultation
ब्लड शुगर की जाँच - Blood Sugar Test
निःशुल्क सेवा का लाभ उठायें एवं सभी का सहयोग प्रार्थनीय है।
• पैथोलॉजी लैब पर 50% की छूट
• ई.सी.जी. की जाँच 100/- रूपए
• एक्स-रे पर 25% की छूट
• सी.टी. स्कैन पर 25% की छूट
• मेडिसन पर 10% की छूट
• जबड़ा बनवाने पर 20% की छूट
• चश्मा बनवाने पर 20% की छूट
सौजन्य से समस्त पुलकित परिवार
पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल, बैराज रोड, बिजनौर
Mob. : 9897959151, 9719775240




खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231